Vaishno Devi Chalisa Lyrics in English

Doha

Garud vaahini Vaishnavi

Trikuta parvat dhaam

Kali Lakshmi Saraswati

Shakti tumhe pranaam

Chaupai

Namo: Namo: Vaishno varadani

Kali kaal me shubh kalyani

Mani parvat par jyoti tumhari

Pindi roop mein ho avatari

Devi devta ansh diyo hai
Ratnakar ghar janm liyo hai

Kari tapasya Ram ko paun
Treta ki shakti kahlaun

Kaha Ram Mani parvat jao
Kaliyug ki devi kehlao

Vishnu roop se Kalki bankar
Lunga shakti roop badalkar

Tab tak Trikuta ghaati jao

Gufa andheri jaakar pao

Kali-Lakshmi-Saraswati Maan
Karengi poshan Parvati Maan

Brahma Vishnu Shankar dware
Hanumat Bhairon prahari pyare

Riddhi Siddhi chanvar dulaaven
Kaliyug-vaasi poojat aaven

Paan supaari dhvaja naariyal
Charanamrit charanon ka nirmal

Diya phalit var Ma muskai

Karan tapasya parvat aai

Kali Kaalki bhadki jwala
Ek din apna roop nikala

Kanya ban Nagrota aai
Yogi Bhairon diya dikhai

Roop dekh sundar lalchaya
Peechhe-peechhe bhaga aaya

Kanyaaon ke saath mili Maan
Kaul-kandouli tabhi chali Maan

Deva Maai darshan deena

Pavan roop ho gayi praveena

Navratron mein leela rachai

Bhakt Shridhar ke ghar aai

Yogin ko bhandara deeni

Sabne ruchikar bhojan keena

Maans madira Bhairon maangi

Roop pavan kar iccha tyagi

Baan maarkar Ganga nikli

Parvat bhagi ho matwali

Charan rakhe aa ek sheela jab

Charan-paduka naam pada tab

Peechhe Bhairon tha balkaari
Choti gufa mein jaay padhaari

Nau mah tak kiya nivaasa
Chali fodkar kiya prakaasha

Aadya Shakti-Brahm Kumari
Kehlai Maan Aad Kunwaari

Gufa dwaar pahunchi muskai
Laangur Veer ne aagya pai

Bhaaga-bhaaga Bhairon aaya

Raksha hit nij shastra chalaaya

Pada sheesh ja parvat oopar
Kiya kshama ja diya use var

Apne sang mein pujvaungi
Bhairon Ghaati banvaungi

Pehle mera darshan hoga
Peechhe tera sumiran hoga

Baith gayi Maan Pindi hokar
Charanon mein bahta jal jhar jhar

Chaunsath Yogini-Bhairon barvat

Saptarishi aa karte sumaran

Ghanta dhvani parvat par baaje
Gufa niraali sundar laage

Bhakt Shridhar poojan keen
Bhakti seva ka var leen

Sevak Dhyaanu tumko dhyaana
Dhvaja va chola aan chadhaya

Sinh sada dar pehra deta
Panja sher ka dukh har leta

Jambu dweep Maharaj manaya

Sar sone ka chhatra chadhaya

Heere ki moorat sang pyaari
Jage akhand ik jot tumhaari

Ashwin Chaitra Navratre aau
Pindi Rani darshan paau

Sevak’ Kamal’ sharan tihaari
Haro Vaishno vipat hamaari

Doha

Kaliyug mein mahima teri
Hai Maan aparmpaar

Dharm ki haani ho rahi

Pragat ho avataar

Iti Shri Vaishno Devi Chalisa

Vaishno Devi Chalisa Lyrics in Hindi वैष्णो देवी चालीसा

॥ दोहा॥

गरुड़ वाहिनी वैष्णवी

त्रिकुटा पर्वत धाम

काली लक्ष्मी सरस्वती

शक्ति तुम्हें प्रणाम

॥ चौपाई ॥

नमो: नमो: वैष्णो वरदानी
कलि काल मे शुभ कल्याणी।

मणि पर्वत पर ज्योति तुम्हारी
पिंडी रूप में हो अवतारी॥

देवी देवता अंश दियो है
रत्नाकर घर जन्म लियो है।

करी तपस्या राम को पाऊँ

त्रेता की शक्ति कहलाऊँ॥

कहा राम मणि पर्वत जाओ

कलियुग की देवी कहलाओ।

विष्णु रूप से कल्कि बनकर

लूंगा शक्ति रूप बदलकर॥

तब तक त्रिकुटा घाटी जाओ

गुफा अंधेरी जाकर पाओ।

काली-लक्ष्मी-सरस्वती माँ

करेंगी पोषण पार्वती माँ॥

ब्रह्मा विष्णु शंकर द्वारे
हनुमत भैरों प्रहरी प्यारे।

रिद्धि सिद्धि चंवर डुलावें
कलियुग-वासी पूजत आवें॥

पान सुपारी ध्वजा नारीयल
चरणामृत चरणों का निर्मल।

दिया फलित वर मॉ मुस्काई
करन तपस्या पर्वत आई॥

कलि कालकी भड़की ज्वाला

इक दिन अपना रूप निकाला।

कन्या बन नगरोटा आई

योगी भैरों दिया दिखाई॥

रूप देख सुंदर ललचाया

पीछे-पीछे भागा आया।

कन्याओं के साथ मिली मॉ

कौल-कंदौली तभी चली मॉ॥

देवा माई दर्शन दीना

पवन रूप हो गई प्रवीणा।

नवरात्रों में लीला रचाई

भक्त श्रीधर के घर आई॥

योगिन को भण्डारा दीनी

सबने रूचिकर भोजन कीना।

मांस मदिरा भैरों मांगी

रूप पवन कर इच्छा त्यागी॥

बाण मारकर गंगा निकली

पर्वत भागी हो मतवाली।

चरण रखे आ एक शीला जब

चरण-पादुका नाम पड़ा तब॥

पीछे भैरों था बलकारी

चोटी गुफा में जाय पधारी।

नौ मह तक किया निवासा

चली फोड़कर किया प्रकाशा॥

आद्या शक्ति-ब्रह्म कुमारी

कहलाई माँ आद कुंवारी।

गुफा द्वार पहुँची मुस्काई
लांगुर वीर ने आज्ञा पाई॥

भागा-भागा भैंरो आया
रक्षा हित निज शस्त्र चलाया।

पड़ा शीश जा पर्वत ऊपर
किया क्षमा जा दिया उसे वर॥

अपने संग में पुजवाऊंगी
भैंरो घाटी बनवाऊंगी।

पहले मेरा दर्शन होगा

पीछे तेरा सुमिरन होगा॥

बैठ गई माँ पिण्डी होकर

चरणों में बहता जल झर झर।

चौंसठ योगिनी-भैंरो बर्वत

सप्तऋषि आ करते सुमरन॥

घंटा ध्वनि पर्वत पर बाजे

गुफा निराली सुंदर लागे।

भक्त श्रीधर पूजन कीन

भक्ति सेवा का वर लीन॥

सेवक ध्यानूं तुमको ध्याना
ध्वजा व चोला आन चढ़ाया।

सिंह सदा दर पहरा देता
पंजा शेर का दु:ख हर लेता॥

जम्बू द्वीप महाराज मनाया
सर सोने का छत्र चढ़ाया ।

हीरे की मूरत संग प्यारी
जगे अखण्ड इक जोत तुम्हारी॥

आश्विन चैत्र नवरात्रे आऊँ

पिण्डी रानी दर्शन पाऊँ।

सेवक’ कमल’ शरण तिहारी

हरो वैष्णो विपत हमारी॥

॥ दोहा ॥

कलियुग में महिमा तेरी

है माँ अपरंपार

धर्म की हानि हो रही

प्रगट हो अवतार

॥ इति श्री वैष्णो देवी चालीसा ॥

www.hindibhajan.in